आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.08.2026 समय : 1905

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा बैंकिंग क्षेत्र में भविष्य के सुधारों की दिशा तय करने के लिए जल्द बनेगी उच्चस्तरीय समिति।
- एन टी ए की परीक्षा व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए परीक्षा प्रोटोकॉल में व्यापक सुधार के शिक्षा मंत्री ने दिए निर्देश।
- कमोर्टा में अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस पर दो दिवसीय ब्लॉक मेला और जनजातीय खाद्य महोत्सव का आयोजन हुआ।
- राजधानी श्री विजयपुरम् में माय भारत के तिरंगा रैली कार्यक्रम में युवाओं ने दिखाया देशभक्ति का उत्साह और विकसित भारत के निर्माण का लिया संकल्प।

<><><><><><><>

सरकार विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए जल्द ही बैंकिंग सुधार पर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समिति बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों और सुझावों पर विचार कर भविष्य के सुधारों की दिशा तय करेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय बैंक मजबूत स्थिति में हैं और सकल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां यानी एनपीए, निचले स्तर पर हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि समिति की सिफारिशों से देश की आर्थिक वृद्धि को गति देने में मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने नई दिल्ली में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन टी ए के महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री जोशी ने परीक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने और परीक्षा की गोपनीयता व सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षित कक्षों, एयर–गैप्ड सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा करने

से जुड़े प्रोटोकॉल में व्यापक सुधार तेजी से लागू करने को कहा। साथ ही, एनटीए की सभी परीक्षा प्रक्रियाओं का व्यापक ऑडिट कराने और सुधारात्मक कार्रवाई पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि हाल की समस्याओं के बाद एनटीए ने परीक्षा प्रणाली में कई सुधार किए हैं। इसके तहत 50 से अधिक कर्मचारियों को एनटीए से हटाया गया है। नेतृत्व के 10 नए पेशेवर पदों के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं और नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। साइबर सुरक्षा, साइकोमेट्रिक्स और प्रश्नपत्र तैयार करने जैसे क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को भी शामिल किया जा रहा है।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज पार्टी के नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की। श्री नवीन ने वसुंधरा राजे सिंधिया, तीरथ सिंह रावत, राम माधव, बैजयंत जय पांडा, सरदार मनप्रीत सिंह बादल और रेखा वर्मा सहित 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्षों की नियुक्ति की है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता पीयूष गोयल को पार्टी का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री बी एल संतोष को संगठनात्मक राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। श्री नवीन ने विनोद तावड़े, सुनील बंसल, स्मृति ईरानी और बिप्लब कुमार देब सहित आठ पार्टी नेताओं को राष्ट्रीय महासचिव भी नियुक्त किया है। पार्टी ने अपने विभिन्न मोर्चों के नए प्रमुखों के नाम भी घोषित किए हैं, जिनमें डॉ. हेमांग जोशी युवा मोर्चा अध्यक्ष, रूप कुमारी चौधरी महिला मोर्चा अध्यक्ष और बंसीलाल गुर्जर किसान मोर्चा अध्यक्ष हैं।

<><><><><><><>

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 और 16 अगस्त को कमोर्टा के हॉकी मैदान में दो दिवसीय ब्लॉक मेला और जनजातीय खाद्य महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन निकोबार के जिला उपायुक्त कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। मेले में विभिन्न सरकारी विभागों ने अपनी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी। कच्छाल, टेरेसा और बंदरखाड़ी सहित दूरदराज के गांवों और द्वीपों से स्वयं सहायता समूहों के डेढ़ सौ से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। उन्होंने

हस्तशिल्प, कढ़ाई और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण जनजातीय खाद्य महोत्सव रहा, जिसमें स्थानीय व्यंजनों और पारंपरिक खाद्य संस्कृति को प्रदर्शित किया गया।

<><><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान के तहत माय भारत – श्री विजयपुरम ने आज 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा रैली आयोजित की। रैली को अंडमान लॉ कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. पी.वी.एन. शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय और अंडमान लॉ कॉलेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के करीब 130 माय भारत स्वयंसेवकों और युवाओं ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। रैली का समापन ऐतिहासिक सेल्युलर जेल में हुआ, जहां युवाओं ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के बलिदान को याद किया। इस अवसर पर युवाओं ने राष्ट्रध्वज के सम्मान और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के तहत दक्षिण अंडमान उप शिक्षा कार्यालय के खेल अनुभाग ने आज श्री विजयपुरम के मोहनपुरा स्कूल सभागार में अंतर–विद्यालय खेल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता में श्री विजयपुरम के सरकारी और निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। एन.सी.एस. स्कूल के शौर्य गोयनका और देव सरकार ने पहला स्थान हासिल किया। महात्मा गांधी स्कूल के अविनाश सिंह और रमित मजूमदार दूसरे, जबकि कार्मेल स्कूल के गालव साहा और पी. मिथुन वेट्टैयार तीसरे स्थान पर रहे। विजेता टीमों को पदक और प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सुविधा परिषद– एम एस ई एफ सी में दो संविदा पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इनमें लीगल कंसल्टेंट और एच आर– कार्यालय एवं सचिवीय कार्य से संबंधित है। दोनों पद श्री विजयपुरम स्थित उद्योग निदेशालय में होंगे और नियुक्ति मार्च 2027 तक के लिए की जाएगी। लीगल कंसल्टेंट के लिए विधि स्नातक और कम से कम दो वर्ष

का अनुभव आवश्यक है। एच आर पद के लिए किसी भी विषय में स्नातक और कंप्यूटर संबंधी कार्य का कम से कम दो वर्ष का अनुभव जरूरी है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार आवेदन संबंधी विस्तृत जानकारी अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के संबंधित कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप उच्च शिक्षा संस्थान के महाविद्यालय ने विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 अगस्त कर दी है। अनंतिम योग्यता सूची 22 अगस्त को जारी होगी, जबकि दावे और आपत्तियां 24 अगस्त तक दर्ज कराई जा सकेंगी। अंतिम योग्यता सूची 25 अगस्त को जारी होगी और प्रवेश परामर्श 28 अगस्त को होगा। आवेदन पत्र कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन ने मुख्य भूमि के संस्थानों में इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर और बी. फार्मेसी, सी एस ए बी एन ई यूटी–2026 की रिक्त सीटों के लिए विशेष चरण में प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा की है। काउंसलिंग 25 अगस्त को सुबह 10 बजे से श्री विजयपुरम के टैगोर कॉलेज के संगोष्ठी कक्ष में होगी। इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को आवश्यक दस्तावेज 24 अगस्त को दोपहर 3 बजे तक सचिवालय के विकास–चार, उच्च शिक्षा अनुभाग में जमा करने होंगे। उम्मीदवारों को काउंसलिंग के दिन सभी मूल प्रमाण–पत्र लाने होंगे। पात्रता और अन्य जानकारी सी एस ए बी की वेबसाइट csab.nic.in पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इनमें बी.कॉम, बीबीए, बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आट्‌र्स, बी.ए. अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र और अंग्रेजी तथा बी.एससी. मनोविज्ञान शामिल हैं। कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी इन पाठ्यक्रमों के लिए 20 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>